04/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

देशभर में 543 लोकसभा सीटों के लिए वोटो की गिनती जारी है। आज सुबह से शुरु हुई मतगणना कई निर्वाचन क्षेत्रों में अभी भी जारी है। अधिकांश सीटों के नतीजे भी घोषित कर दिए गए है। ताजा रिपोर्ट आने तक भारतीय जनता पार्टी ने 109 सीटे जीत ली है और 130 सीटों पर आगे चल रही है, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 143 सीटे जीती है और 56 सीटों पर आगे चल रही है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने 11 सीटे जीती है और 27 सीटो पर आगे चल रही है, भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाराणसी सीट सहित 12 सीटे जीती है और 20 सीटों पर आगे चल रही है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने राहुल गांधी की राइबरेली सीट सहित 03 सीटे जीती है और 03 सीटों पर आगे चल रही है। बिहार में जे डी यू ने 01 सीटे जीती और 11 सीटों पर बढ़त बना रखी है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने 04 सीटे जीती और 08 सीटों पर आगे चल रही है। आंध्र प्रदेश में चंद्र बाबू नाइडू की टी डी पी पार्टी ने 01 सीटे अपने नाम कर राज्य में अधिकतम सीटे हासिल की है और 15 सीटों पर आगे चल रही है। कर्नाटक में भाजपा ने 17 सीटे जीती और 09 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। भाजपा दिल्ली में सात, हिमाचल प्रदेश में चार और मध्य प्रदेश में उन्नीस सीटों पर क्लीन स्वीप करने की ओर अग्रसर है।

पश्चिम बंगाल में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने 04 सीटे जीती है और 25 सीटों पर आगे चल रही है, भाजपा 12 सीटों पर आगे चल रही है और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने एक सीट जीती है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने अरुणाचल ईस्ट और अरुणाचल वेस्ट संसदीय क्षेत्रों में अपनी सीटे बरकरार रखी है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और तापिर गाव ने अपनी सीटे बरकरार रखी है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाबम को एक लाख सात सौ अड़तीस वोटों से हराया। श्री रिजिजू ने लगातार दो बार चुनाव में श्री तुकी को हराया है। श्री रिजिजू को दो लाख पांच हजार चार सौ सत्रह वोट मिले जबकि श्री तुकी को एक लाख चार हजार छह सौ उन्यासी वोट मिले। वहीं अरुणाचल ईस्ट संसदीय क्षेत्र में भाजपा सांसद तापिर गाव ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्य के पूर्व मंत्री बोसिराम सिरम को तीस हजार 421 वोटो से हराया। तापिर गाव को एक लाख पैतालीस हजार 581 वोट मिले वहीं श्री बोसिरम सिरम को एक लाख पंद्रह हजार 160 वोट मिले। गत दो जून को हुए साठ सदस्यीय अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 46 सीटे जीतकर राज्य में अपनी सत्ता बरकरार रखी है।

0000000000000000000000000

असम में 14 लोकसभा सीटों के लिए हुए चुनाव में बीजेपी 9 सीटों पर आगे चल रही है। कांग्रेस 3 सीटों पर आगे चल रही है, असम गण परिषद एक सीट पर आगे चल रही है और यूपीपीएल एक सीट पर आगे चल रही है। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के इंद्र हंग सुब्बा ने सिक्किम की एकमात्र सीट जीत ली है। मणिपुर की दो सीटों के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दोनों सीटों पर आगे चल रही है। मेघालय में वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने दो में से एक-एक सीट जीती है। मिजोरम की एक सीट पर ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट, जेडपीएम ने जीत हासिल की है। नागालैंड की एक सीट पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जीत हासिल की है और त्रिपुरा की दोनों सीटें बीजेपी ने जीती हैं।

00000000000000000000

भारतीय रिजर्व बैंक ने जानकारी दी है कि 19 मई 2024 को कारोबार बंद होने पर प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य घटकर 7,755 करोड़ रुपये रह गया है। यह आरबीआई द्वारा उक्त करेंसी नोटों को वापस लेने की घोषणा के ठीक एक साल बाद होगा। सोमवार को जारी एक बयान में आरबीआई ने कहा कि मई 2023 में प्रचलन में रहे 3.56 लाख करोड़ मूल्य के करेंसी नोटों में से 97.82 प्रतिशत सिस्टम में वापस आ गए हैं।

यह कहते हुए कि बैंक नोट कानूनी निविदा बने रहेंगे, आरबीआई ने कहा कि 2000 रुपये के बैंक नोट जमा करने और/या बदलने की खिड़की आरबीआई के 19 जारी कार्यालयों में उपलब्ध रहेगी। आम लोग, जो इस सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं, वे इंडिया पोस्ट के माध्यम से इन कार्यालयों में नोट भेज सकते हैं।

0000000000000000000000000

अपर सुबनसिरी जिला प्रशासन ने गत अट्ठाईस मई को जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों के सौ से भी अधिक शिक्षको को काम न करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया। अपर सुबनसिरी जिला उपायुक्त तालो पोतोम ने गत सोमवार को शिक्षकों के साथ बैठक कर स्कूलों से अनुपस्थित रहने के पीछे के कारणों की जानकारी ली। इस बीच सभी शिक्षकों ने जिला उपायुक्त से मुलाकात कर अपना-अपना ज्ञापन सौंपा और संबंधित मामलों पर चर्चा की। बैठक के दौरान, शिक्षकों ने नियमित रुप से अपने कार्य को करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा जिला उपायुक्त ने कारण बताओं नोटिस को खारिज करने की सहमति देते हुए शिक्षको को अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करने का निर्देश दिया।

000000000000000000

राजधानी पुलिस ने गत शुक्रवार को एक गुप्त सूचना के बाद चिंपू और डी एन जी कॉलेज के पास छापेमारी के दौरान दो आदतन अंतर-राज्यीय ड्रग तस्करों उर्गेन दोरजी और टिथई पोउ गोलमेई को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ ईटानगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस को उर्गेन से पैसठ ग्राम और गोलमेई से 283.58 ग्राम संदिग्ध हेरोइन मिली।

0000000000000000000

राजधानी पुलिस ने एल/सी टी पानी मंजू जोरम को असम के गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय मुआयथाई प्रतियोगिता दो हजार चौबीस में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। पानी मंजू जोरम ने प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। अपने एक बयान में पुलिस टीम ने कहा कि मंजू की असाधारण प्रदर्शन और समर्पण ने न सिर्फ बल को सम्मान दिलाया बल्कि राज्य में असंख्य लोगों को भी प्रभावित किया है।

0000000000000000000000